कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर ।

पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य- 03/2025 **दिनांक 24/03/2025**

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक,

वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0 ।

अपने पत्र संख्याःवीजेड-सोशल मीडिया-(18)/2020/10720,दिनांकःजून 04,2020 व पत्र संख्याः41/6-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जो पुलिस विभाग एवं उसके अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है ।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 23.03.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

01. महिला सहायता प्रकोष्ठ/परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पुलिस लाइंस गाजीपुर में मध्यस्थता के माध्यम से अलग हुए 05 परिवारों की कराई गई विदाई ।

आज दिनांक 23.03.2025 को परिवार परामर्श केन्द्र गाजीपुर में पति-पत्नी के विवाद से सम्बन्धित कुल 28 प्रकरण को सुना गया, जिसमें काफी समय से विवादित चल रहा 05 प्रकरण में दोनो पक्षो को बैठाकर मध्यस्थता के माध्यम से बिना किसी दबाव के राजी खुशी से गिले शिकवे भुलाकर विदाई करायी गयी । 08 पारिवारिक विवाद में कुशलता प्रकट होने के बाद पत्रावली बंद कर दी गई, 04 प्रकरण में विधिक सुझाव देते हुए पत्रावली बंद कर दी गई । शेष प्रकरण में अभी मध्यस्थता न होने के कारण अगली तिथि निर्धारित की गई । इन सभी प्रकरण के निस्तारण में विक्रमादित्य मिश्र ,वीरेंद्र नाथ राम ,कमरूद्दीन, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी शशि सिंह उप निरीक्षक शशिधर मिश्रा महिला आरक्षी संध्या आरक्षी शिव शंकर यादव महिला होमगार्ड उर्मिला गिरी आदि लोग प्रमुख थे।

पुलिस अधीक्षक
गाजीपुर